Register Number | | | | | |

Language — Part I — HINDI — Paper II

Time Allowed : 3 Hours] [Maximum Marks : 80

I. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **तीन सौ** शब्दों में **एक** निबन्ध लिखिए : 1 × 15 = 15

1) आज की शिक्षा प्रणाली

2) प्रिय त्योहार

3) मेरा भारत महान

4) खेलों का महत्त्व ।

II. निम्नलिखित में से किसी **एक** कहानी का सारांश लगभग **तीन सौ** शब्दों में लिखिए : 1 × 15 = 15

5) बड़े घर की बेटी

6) चीफ की दावत

7) एक भिखारी का दान

8) परमात्मा का कुत्ता ।

III. पत्र लेखन : 10

9) अपने छात्रावास का वर्णन करते हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए ।

अथवा

10) अवर श्रेणी लिपिक पद के लिये एक आवेदन पत्र लिखिए ।

IV. 11) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 × 2 = 10

मैडम हेलेना पेटरोवना ब्लावतास्की एक आध्यात्मिक एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व की स्वामिनी थी । उनकी आध्यात्मिक शक्तियों तथा प्रतिकूलताओं व कठिनाइयो में भी साहसपूर्वक संघर्षरत रहने के गुणों को आज भी स्मरण किया जाता है । 1831 में एकाटेरिन्सलाव (रूस) में उनका जन्म हुआ ।

[Turn over

बाल्यकाल से ही उनकी रुचि आत्मा, मृत्यु जैसे विषयों व गुह्य विज्ञान में थी । उम्र के साथ यह रुचि बढ़ती गई । पेरिस के प्रख्यात अध्यात्मवेत्ता डेनियल डगलस होम से उन्होंने अध्यात्म की शिक्षा ली । युवावस्था में एक दो बार उन्हें एक लंबे, ओजस्वी भारतीय की छवि दिखी, जो उन्हें तिब्बत के संत प्रतीत हुए । अत: तिब्बत के सूक्ष्मशरीरधारी संतों से संपर्क स्थापित करके वास्तविक ज्ञान प्राप्ति की अभिलाषा उन्हें भारत खींच लाई ।

अ) मैडम् हेलेना पेटरोवना ब्लावतास्की का व्यक्तित्व कैसा था ?

आ) उसका जन्म कहाँ हुआ था ?

इ) बाल्यकाल में उनकी रुचि कैसी थी ?

ई) उन्होंने किनसे शिक्षा ग्रहण की ?

उ) मैडम हेलेना भारत क्यों आयीं ?

V. 12) संधि कीजिए : 5 × 1 = 5

अ) वधू + उत्सव

आ) दंत + ओष्ठ

इ) देवी + आगमन

ई) वाक् + दत्ता

उ) नि: + रस ।

13) निम्नलिखित का सन्धि-विच्छेद कीजिए : 5 × 1 = 5

अ) निश्चल

आ) संकल्प

इ) जगच्छाया

ई) पित्रादेश

उ) नद्यार्पण ।

VI. 14) समास-विग्रह करके नाम बताइए : 5 × 1 = 5

अ) निडर

आ) नीलगाय

इ) दहीबड़ा

ई) स्वर्गगत

उ) अनादर ।

VII. 15) निर्देशानुसार वाक्य बदलकर लिखिए : 5 × 2 = 10

अ) दूध के लिए बच्चा रोता है ।

(वाक्य को भूतकाल में लिखिए)

आ) राम तरकारी लाता है ।

(वाच्य बदलिए)

इ) सीता दिल्ली से आती है ।

(भविष्य काल में लिखिए)

ई) राधा लिखती है ।

(प्रेरणार्थक क्रिया का प्रयोग कीजिए)

उ) मोहन कल दिल्ली जायेगा ।

(अपूर्ण वर्तमान में लिखिए)

VIII. 16) निम्न में से किन्हीं दस के हिन्दी पर्याय लिखिए : $10 \times \frac{1}{2} = 5$

i) Government

ii) Supervisor

iii) File

iv) Court & Laws

v) Watchman

vi) Appointment

vii) Tax

viii) Loan

ix) Department

x) Signature

xi) Defence Minister

xii) Correspondence

xiii) Salary

xiv) Secretariat

xv) Directorate.